# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप



### झारखंड के नवदंपति ने शुरू की 3500 किमी की बाइक यात्रा

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ की सीमा से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित झारखंड के गढ़वा जिले के रमकंडा गांव के एक नवदंपति ने साहस और रोमांच का अनोखा उदाहरण पेश किया है। सौरभ कुमार (25 वर्ष) और उनकी पत्नी नेहा गुप्ता (23 वर्ष) ने छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज से कन्याकुमारी तक की 3500 किलोमीटर लंबी बाइक यात्रा की शुरुआत 12 नवंबर को की है। दंपति का लक्ष्य इस सफर को 12 से 15 दिनों में पूरा करने का है। सौरभ और नेहा की शादी को अभी आठ महीने ही हुए हैं, लेकिन यात्रा और रोमांच के प्रति उनका प्रेम विवाह से पहले से ही जारी है। इससे पहले भी यह युगल नेपाल और उत्तराखंड की यात्राएं साथ कर चुका है। इस बार उन्होंने अपने वैवाहिक जीवन की नई पारी की शुरुआत एक यादगार और प्रेरणादायक सफर से करने का निर्णय लिया है। दंपति अपने साथ खाना बनाने के बर्तन, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लेकर चले हैं। वे हर पड़ाव पर खुद अपना भोजन तैयार करते हैं और रास्ते में मिलने वाले स्थानीय लोगों से बातचीत कर भारत की विविध संस्कृति को करीब से महसूस कर रहे हैं। सौरभ कुमार का कहना है कि इस यात्रा का उद्देश्य सिर्फ घूमना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता सीखना और जीवन के हर पल को महसूस करना है। उनका कहना है कि यह सफर आस पास के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है और यह संदेश देता है कि उत्साह, साहस और विश्वास के साथ हर मंजिल को हासिल किया जा सकता है। कन्याकुमारी तक की यह अनोखी यात्रा न केवल उनके जीवन की यादगार बनेगी, बल्कि यह भी दिखाएगी कि प्रेम और एकजुटता से हर सफर को खूबसूरत बनाया जा सकता है।

### जिला स्तरीय वॉलीबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन करने की चयन प्रक्रिया शनिवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ की जाएगी सरगुजा जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव सज्जन सिंह ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर गांधी स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल कोर्ट में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 25 नवम्बर से 28 नवम्बर तक दुर्ग में किया जाएगा जिसमें विभिन्न जिलों की वॉलीबॉल टीमें भागीदारी करेंगी।

## निधन

### राहुल जायसवाल

**अंबिकापुर।** शहर के जोड़ा पीपल नीवासी पूर्व जिपं सदस्य राहुल जायसवाल का निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। 14 नवंबर को शहर के शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पुत्र शुभम जायसवाल ने दी। वे एक सरल, मिलनसार एवं समाजसेवी व्यक्तित्व थे। वे अपने पीछे पुत्र शुभम जायसवाल, स्वाश्तिक जायसवाल समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



## निर्देश का किया गया खुला उल्लंघन

# नियम को दरकिनार कर ठेकेदार ने 5 सौ मीटर के भीतर बना दिया पांच स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो तथा वाहन सवार को आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके मद्देनजर डामरीकृत सड़क का निर्माण किया जाता है। वर्तमान में शहर के बीच नेहरू वार्ड में सड़क का निर्माण किया गया है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि सड़क निर्माण न सिर्फ नियम को दरकिनार कर किया गया है बल्कि मनमानी तरीके से सड़क पर कुछ अंतरात के भीतर ही जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बना दिया है। नव निर्मित सड़क पर महज 5 सौ मीटर के भीतर ही ठेकेदार द्वारा 5 ब्रेकर बना दिया जो हाई कोर्ट के निर्देश का खुला उल्लंघन है। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले लोग न सिर्फ ब्रेकर से परेशान है बल्कि ब्रेकर निर्माण करने पर कोसते है।

**खास बात**

- वाहन सवारो की बढ़ी परेशानी, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शहर के नेहरू वार्ड में कुछ दिन पूर्व ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया जो अब बनकर तैयार हो गया है। लाखो की लागत से कलेक्ट्रेट गेट नम्बर 2 से सड़क निर्माण शुरू हुआ जो इरानी बस्ती से होकर पंचदेव मंदिर, करसू तालाब से होते हुए भाजपा कार्यालय के समीप समाप्त हुआ। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क निर्माण के दौरान ही ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से भाजपा कार्यालय के समीप से लेकर रामेश्वर मंदिर तक जिसकी दूरी महज 5 सौ मीटर से भी कम है। इस मार्ग पर पांच स्पीड ब्रेकर का निर्माण कर दिया। हालांकि ब्रेकर निर्माण में मोहल्ले के कुछ लोगों ने सहमति जताई जबकि अधिकांश लोग स्पीड ब्रेकर का विरोध किया। इधर लंबे अंतराल के बाद मोहल्ले की सड़क बनी जिसे लेकर मोहल्ले के लोग खुश है लेकिन जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बनाने से नाराज भी है। लोगों का कहना है कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाना ही नहीं चाहिए। दिन के समय दो पहिया वाहन सवार संभल कर आवागमन करते है लेकिन रात में सड़क सुनी होने तथा वाहन के तेज रफ्तार होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिस तरह से कुछ अंतराल के बीच ब्रेकर बनाई गई है उससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



नवनिर्मित सड़क पर बने ब्रेकर।

### शहर की सड़क से हटाया गया था ब्रेकर

सड़कों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर के कारण आए दिन हो रही दुर्घटना को कम करने को लेकर हाई कोर्ट के निर्देश के बाद शहर के सभी सड़कों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर को जेसीबी से हटा दिया गया था। साथ ही नई सड़क निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी को ब्रेकर निर्माण नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। हैरानी की बात तो यह है कि वर्तमान में शहर के विभिन्न वार्ड में बन रही सड़क निर्माण के दौरान ब्रेकर नहीं बनाया जा रहा है। बावजूद इसके नेहरू वार्ड में जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बना दिया गया है जो समझ से परे है।

#### लेना होता है अनुमति

सड़क पर जहां अधिकांश दुर्घटनाएं होती है और स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता होती है। ऐसें में अगर स्पीड ब्रेकर निर्माण कराना है तो इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग या नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है। आवेदन के बाद नगर निगम या पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम तय करते है कि उस स्थान पर स्पीड ब्रेकर का बनाया जाए या नहीं। हैरानी की बात तो है कि सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार नियम को दरकिनार कर ही लोगों के कहने पर स्पीड ब्रेकर बना देते है जो राहगीरों के लिए परेशान के सबब बन जाते है।


#### एक हिस्से में नहीं है एक भी ब्रेकर

नेहरू वार्ड में लाखों की लागत से सड़क का निर्माण किया गया है। नेहरू वार्ड के कलेक्ट्रेट गेट नम्बर 1 से लेकर करसू तालाब तक स्पीड ब्रेकर की भरमार है जबकि कलेक्ट्रेट गेट नम्बर 2 से पंचदेव मंदिर तक एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं है जबकि दोनों क्षेत्र रिहायशी क्षेत्र है और बड़ी संख्या में वाहन सवार आवागमन करते है।

#### नहीं बनाना है स्पीड ब्रेकर

सड़क पर कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाना है। हाई कोर्ट के सख्त निर्देश है। अगर नेहरू वार्ड में स्पीड ब्रेकर बनाए गए है तो जांच करवाती हूं।

-मजूषा भगत, महापौर



# अवैध धान पर बड़ी कार्रवाई 3 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अवैध धान कारोबार की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 12 एवं 13 नवम्बर को राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में धान जब्त किया गया।

12 नवम्बर को मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ठाकुर के नेतृत्व में मंडी कर्मचारियों की टीम ने शहर में औचक जांच कर विभिन्न व्यापारियों के यहां से अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किया। मेसर्स रामानुग्रह उपाध्याय, नया बाजार गली, सूरजपुर 507 बोरे, मेसर्स सौम्या ट्रेडर्स, नया बाजार गली, 53 बोरे, तथा चिराग कुमार गोयल, ग्राम अनुजनगर 255 बोरे, धान जब्त किया। इसी दिन रामानुजनगर में तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व, कृषि एवं खाद्य विभाग की टीम ने रामजी गुप्ता से 100 बोरे तथा 5 अन्य व्यापारियों से लगभग 180 क्विंटल धान जब्त किया। इसी क्रम में विगत दिवस मंडी सूरजपुर क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान हुकुम साय ट्रेडिंग, पतरापारा 378 बोरी धान, ललित ट्रेडिंग, लोधिमा 72 बोरी धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा प्रतापपुर में राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने मेसर्स गोयल ट्रेडर्स से 1800 बोरी धान जब्त किया। साथ ही विगत दिवस की रात 2 बजे, मध्य प्रदेश के बरगढ मार्ग से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही दो पिकअप वाहनों को पकड़कर बड़ी कार्रवाई की गई। प्रत्येक वाहन में 60-60 बोरी धान लोड था। राजस्व अधिकारियों द्वारा किए गए इस अभियान में वाहनों पर कार्रवाई के बाद वाहनों को मोहरसोप पुलिस चौकी के सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्पष्ट कहा है कि जिले में अवैध धान खरीदी, भंडारण और परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने किसानों के हितों की सुरक्षा एवं पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागों को सतर्क मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

# लोगों के घर पहुंचकर कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- समस्या समाधान शिविर का किया गया आयोजन, 971 आवेदन प्राप्त

जिले के ओड़गी जनपद अंतर्गत बिहारपुर के शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में किया गया। आयोजित शिविर में मंत्री श्रीमती राजवाड़े एवं कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा लोगों से संवाद कर उनके समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। शिविर में जिलाधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर 971 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की बात कही।



इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आज आपके गांव में शासन के साथ पूरा प्रशासन तंत्र आपके समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुआ है। शासन एवं प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है कि वह आप लोगों के घर तक पहुंच कर आपकी सभी समस्याओं का समाधान कर सके। उन्होंने कहा कि अपनी समस्याओं को उपस्थित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के समक्ष रखे और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने शिविर में आए लोगों से कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से देखते हुए उनके त्वरित निराकरण करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन आवेदनों पर कार्यवाही की स्पष्ट स्थिति जानने के लिए पंजीयन क्रमांक द्वारा कलेक्टर के जनदर्शन पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है। साथ ही बताया कि इन समस्याओं के निराकरण पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा चर्चा भी की जाती है।

# बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

**अम्बिकापुर।** बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली निर्णायक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही कार्यकर्ता नारे लगाते घड़ी चौक पर पहुंचे एवं एनडीए को बहुमत मिलने की खुशी में पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि बिहार की जनता ने जन कल्याण और विकास की राजनीति पर फिर एक बार मुहर लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है, और बिहार की जनता ने इस विजयी यात्रा को और मजबूती प्रदान की है। यह जीत हर भारतीय के विश्वास की जीत है। भाजपा और एनडीए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लगातार विकासशील और अनुशासन युक्त भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहेंगी। कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत, अनिल सिंह मेजर, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अंबिकेश केसरी, विनोद हर्ष , मधुसूदन शुक्ला, अरूणा सिंह, फुलेश्वरी सिंह, निलेश सिंह, विकास पाण्डेय, निश्चल प्रताप सिंह, मनीष सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### फोरम फॉर फास्ट जस्टिस का नेशनल कन्वेंशन आज से

**अंबिकापुर।** सरगुजा सोसायटी फॉर द्वारा फोरम फॉर फास्ट जस्टिस के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन सरगुजा में किया जा रहा है। अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी ने बताया कि न्याय व्यवस्था में सुधार, तथा तत्काल न्याय दिलाने और न्यायालय में जो कमियां है उसे दूर करने हेतु फोरम फॉर फास्ट जस्टिस संस्था के द्वारा कार्य किया जाता है। इन्हीं तथ्यों को रखने के लिए फोरम फॉर फास्ट जस्टिस संस्था का प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन होता हैं जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इस बार राष्ट्रीय अधिवेशन करने की जिम्मेदारी सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस को दी गई है। सरगुजा ने नेशनल कनक्लेव 15 व 16 नवंबर को होना है। शनिवार को सुबह 10बजे मल्टीपरपज स्कूल से रैली के रूप में कार्यक्रम की शुरुआत होगी और रैली का समापन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा उसके बाद सेमिनार का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से आए अतिथियों का उद्बोधन होगा। उक्त कार्यक्रम में आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता तथा सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे।

### आहार व पोषण अभियान के तहत जेल में हुआ सामग्रियों का वितरण

**सूरजपुर।** आहार एवं पोषण अभियान के अंतर्गत युवा साथी फाउंडेशन द्वारा मां राधा टेक्सटाइल्स के सहयोग से जिला जेल में बंद बंदियों के उपयोग हेतु 380 बंदियों को नारियल तेल, टूथपेस्ट, शैम्पू, बाम उपलब्ध कराया गया तथा जेल मे पदस्थ डॉ. गुप्ता के सहयोग से बंदियों के स्वास्थ्य एवं आँखों का परीक्षण किया गया। जिसमे 15 कैदियों के आंखों में समस्या थी जिनके लिए पावर का चश्मा युवा साथी फाउंडेशन के सदस्यों बनवाकर वितरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हे शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना था जिससे वे रिहाई के पश्चात समाज में अच्छे नागरिक बनकर अपनी पहचान बना सकें। इस दौरान डॉ. रजनीश गर्ग, रमेश साहू, विजय साहू, मयंक साहू, पीयूष गोयल सहित जिला जेल में पदस्थ डॉ. गुप्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे।

आवश्यकता है

| विभाग | पद | योग्यता |
|---|---|---|
| नर्सिंग स्टाफ | 20 | BSC नर्सिंग/GNM/ANM (डिग्री रजिस्ट्रेशन अनिवार्य) |
| एकाउंटेंट | 1 | अनुभवी को प्राथमिकता |

डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, खरसिया रोड अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)
7240802000, 9926130600

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
डॉ.विकास अग्रवाल
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
(O.P.D.) 8225888500
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
अम्बिकापुर- मो. 7898942870

आप परेशान क्यों हैं ?
वास्सी शिफा
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
डॉ. अमित जैन
डॉ. गौरी शंकर सिंह
डॉ. सुशांत
MBBS,MD ( General medicine )
DNB Neurology
16 नवम्बर 2025, माह के तीसरे रविवार

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ......../अ-2/2024-25

**- ईश्तहार:-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत करसु /नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार पिता श्री रामबिलास निवासी करसु के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 715/3 रकबा 0.06 हे. मे से 0.04 हे. जो ग्राम करसु, प.ह.नं. 30 रा.नि.म. भटगांव तहसील भटगांव जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 17/11/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 जल जीवन मिशन के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले बलरामपुर के ठेकेदारों का ठेका निरस्त



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# पश्चिमोत्तर की शुष्क हवाओं के प्रभाव से ठण्ड में हो रही लगातार गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- न्यूनतम तापमान पहुंचा 7 डिग्री, दो दिन बाद मिल सकती है राहत

पिछले पांच दिनों से जारी शीतलहर से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अभी भी पश्चिमोत्तर की शुष्क हवाएं अपने साथ बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही है तथा न्यूनतम पारा में हर दिन आंशिक गिरावट हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग पिछले पांच दिनों से शीत लहर की चपेट में है। अभी भी पश्चिमोत्तर की शुष्क हवाओं का प्रवाह कम नहीं हुआ है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हो रही है तथा शुक्रवार को रात का तापमान गिरकर 7.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। जिस तरीके से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है सरगुजा भीषण शीतलहर की ओर अग्रसर हो रहा है।



शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में सामान्य से -6.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में 0.1 डिग्री से अधिक की गिरावट होने पर भीषण शीत लहर की स्थिति निर्मित हो सकती है। शुक्रवार को भी पूरे दिन पश्चिमोत्तर की शुष्क हवाएं चली जिसका प्रभाव शनिवार को देखने को मिल सकता है। उत्तर छत्तीसगढ़ से शुरू हुए शीतलहर से कमोवेश पूरा छत्तीसगढ़ प्रभावित है। दिन में धूप निकलने के कारण ठंड से राहत रह रही है लेकिन शाम होते ही शीतलहर का प्रभाव से ठंड बढ़ जा रही है। देर शाम ठंड इतनी अधिक बढ़ जा रही है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। सुबह धूप निकलते तक ठंड से लोक कंपकपा रहे है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार जम्मू-कश्मीर में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। वर्तमान में विक्षोभ लद्दाख पर केंद्रित है। हालांकि विक्षोभ इतना ताकतवर नहीं है कि उसका प्रभाव सरगुजा तक पहुंच सके। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में बादलों की सक्रियता बढ़ने से शुष्क हवाओं का प्रवाह थमने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले दिनों में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शुष्क हवाओं का प्रवाह रूकने एवं बादलों की आवाजाही बढ़ने की स्थिति में 16 नवम्बर के बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने के साथ ही ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है। फिलहाल खाड़ी में कोई सिस्टम नहीं है। ऐसे में विक्षोभ के प्रभाव से तापमान के 10.0 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना नहीं है।

## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री चौधरी आज सरगुजा में कार्यक्रम में होंगे शामिल

**अंबिकापुर।** 15 नवम्बर को पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार सरगुजा जिले में राजमोहिनी देवी भवन ऑडिटोरियम में दोपहर 1 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त, व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, महापौर नगर पालिक निगम श्रीमती मंजुषा भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव शामिल होंगे।

### स्वतंत्रता संघर्ष में जनजातियों का योगदान विषय पर संगोष्ठी 19 को

**अम्बिकापुर।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती वर्ष के रूप में 15 नवंबर 2024 से 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव वर्ष मनाया जा रहा है। जनजातीय गौरव वर्ष जनजातीय समुदायों के योगदान, गौरवशाली इतिहास और उनकी विरासत को समर्पित उत्सव है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति विकास विभाग द्वारा जनजातीय गौरव वर्ष 2025 का आयोजन 19 नवम्बर से 20 नवम्बर तक राज्य के सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में किये जाने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनजातीय संस्कृति एवं परम्परा के संरक्षण, संवर्धन तथा आगामी पीढ़ी को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर 19 नवम्बर को जनजातीय गौरवशाली इतिहास एवं जननायक, स्वतंत्रता संग्राम में जनजातियों का योगदान विषय पर विषय विशेषज्ञों की एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

## विशाल डोम का कराया जा रहा निर्माण

# राष्ट्रपति के सरगुजा आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर

*शहीद वीर नारायण सिंह लोक महोत्सव के तहत नृत्य प्रतियोगिता में होंगी शामिल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 20 को जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में होंगी शामिल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सरगुजा दौरे को लेकर तैयारियां अब जोर शोर से चल रही है। राष्ट्रपति जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति का हेलीकाप्टर शहर के गांधी स्टेडियम मैदान में उतरेगा जबकि कार्यक्रम पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर पीजी कॉलेज मैदान में तीन विशाल डोम का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही आगमन को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

बता दें कि 20 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर सरगुजा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन और कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पखवाड़े भर पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू लगभग एक घंटे तक सरगुजा में रहेंगी। इस दौरान वे दिन पीजी कॉलेज मैदान में गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय समूह के विभिन्न लोक नायक, जननायक के साथ ही उनके परिवार जन के सम्मान का समारोह, उत्तर क्षेत्रीय करम महोत्सव के समापन, शहीद वीर नारायण सिंह लोक महोत्सव के तहत नृत्य प्रतियोगिता, में शामिल होंगी। इसके साथ ही इसी दिन मुख्यमंत्री अखरा विकास योजना का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं बैगा, गुनिया और हठजोड़ लोगों के लिए डीबीटी योजना का शुभारंभ कार्यक्रम भी प्रस्तावित किया गया है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में जनजातीय समुदाय से जुड़े अन्य कार्यक्रम भी शामिल हो सकते है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है।



अधिकारियों से चर्चा करते कमिश्नर व आईजी।

### कमिश्नर एवं आईजी ने किया निरीक्षण

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर शुक्रवार को सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने स्थल निरीक्षण क्रिया। इस दौरान कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर एवं आईजी ने सर्वप्रथम अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में बनाए जा रहे हेलीपैड स्थल का अवलोकन किया, उन्होंने सुरक्षा मानकों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान आईजी श्री झा ने स्टेडियम से लगे भवनों का सर्वे कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। हेलीपेड स्थल में ग्रीन रुम बनाए जाने, राष्ट्रपति महोदया के आवागमन हेतु निर्धारित गेट, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात गांधी स्टेडियम के आकाशवाणी गेट से निकलकर गांधी चौक होते हुए आवागमन मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था, सड़क आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में डोम निर्माण का अवलोकन किया गया। अतिथियों एवं आमजनों हेतु बैठक व्यवस्था, आगमन एवं निकासी मार्ग, ग्रीन रूम, पार्किंग व्यवस्था, स्टॉल निर्माण आदि का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही मैदान की साफ सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। कमिश्नर दुग्गा ने सभी कार्यों को निर्धारित समय- सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, किसी प्रकार की लापरवाही ना रहे। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें,दिए गए दायित्वों का गम्भीरता से निर्वहन किया जाए।

### ग्रीन रूम के साथ ही प्रदर्शनी स्टॉल भी

राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम और राष्ट्रपति के आगमन हेतु पीजी कॉलेज मैदान में विशाल डोम का निर्माण कराया जा रहा है। कॉलेज मैदान में 100 बाइ 150 का एक डोम बनाया जा रहा है जिसमें राष्ट्रपति का मंच व ग्रीन रूम भी होगा। इसके साथ ही डोम के अंदर ही 8 स्टॉल बनाए जा रहे है जिसमें जनजातीय समूहों से जुडी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। राष्ट्रपति इन प्रदर्शनियों का अवलोकन करेंगी। इसके साथ ही मैदान में इसी से लगा हुआ 200 बाई 400 का डोम आम जनता के लिए बनाया जा रहा है। वहीं 100 बाई 150 के दो डोम कार्यक्रम में आने वाले कलाकारों के डाइनिंग व अन्य कार्यों के लिए बना जा रहे है। जबकि व्हीआईपी के लिए अलग से एक डोम तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भी लोगों के बैठने के लिए डोम के दोनों तरफ पाइप पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।



# दो घरों में छिपाकर रखा 102 नग साल चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- बलरामपुर वन विभाग ने कपिल देवपुर में की कार्रवाई, जांच जारी

अवैध रूप से लकड़ी तस्करी के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने 102 नग साल चिरान जब्त किया है जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। साल चिरान को घरों में छिपाकर रखा गया था। फिलहाल वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि वन विभाग को सूचना मिली थी कपिल देवपुर में दो घरों में अवैध रूप से साल चिरान को छिपाकर रखा गया है। सूचना मिलने के बाद वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर आलोक वाजपेयी के निर्देशन एवं उपवन मंडलाधिकारी अनिल कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र बलरामपुर के बीट कपिल देवपुर में शिवबरत व हरदयाल के घर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान शिवबरत के घर से साल चिरान 84 नग 0.997 घन मीटर व हरदयाल के घर से साल चिरान 18 नग 0.267 घन मीटर कुल 102 नग 1.264 घन मीटर साल चिरान जब्त किया गया। जब्त साल चिरान की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। फिलहाल वन विभाग ग्रामीणों से साल चिरान के बारे में पूछताछ की जा रही है लेकिन अब तक यह पता नहीं लग पाया है कि ग्रामीणों ने इतनी बड़ी मात्रा में साल चिरान कहां से लाया और किस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की गई। वन विभाग ने मामले में शिवबरत व हरदयाल के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) क एवं धारा 52 के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी बलरामपुर निखिल सक्सेना, वनपाल घनश्याम शर्मा, अनिल कुजूर, देवीलाल वनरक्षक, राजेश राम वनरक्षक, धनसाय वनरक्षक, श्रीमती प्रियंका सिंह वनरक्षक, सरेन्द्र सिंह वनरक्षक एवं अजीत कुजूर वनरक्षक मौजूद रहे।

### चल रही है जांच

कपिलदेवपुर में मुखबिर के जरिए साल चिरान होने की सूचना मिली थी। टीम ने दो घरों से 102 नग साल चिरान जब्त किया गया है जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अलोक वाजपेयी
डीएफओ

# उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी का लाइसेंस निरस्त

**अम्बिकापुर।** उर्वरक पंजीयन प्राधिकारी एवं उप संचालक कृषि ने बताया कि न्यायालय कलेक्टर सरगुजा के न्यायालयीन विविध प्रकरण अन्तर्गत पारित आदेशानुसार अम्बिकापुर के नवागढ़ में रायगढ़ रोड स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा उर्वरक विक्रय में अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड-5, खण्ड-28 (1) (ए), खण्ड-35 (1) बी, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3(2) (ई), धारा 8 तथा फर्टिलाईजर्स मूवमेंट नियंत्रण आदेश 1973 के खण्ड-3 के प्रावधनों के उल्लंघन का दोषी करार किया गया है। इसके अतिरिक्त उक्त न्यायालयीन आदेश में टॉप-20 यूरिया क्रेताओं के सत्यापन में माह अप्रैल से जुलाई 2025 तक कुल 95 आधार प्रमाणित यूरिया खरीददारों को मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी के द्वारा प्रदाय किये गये 4743 बोरी यूरिया में से मात्र 678 बोरी यूरिया ही उक्त 95 आधार प्रमाणित यूरिया खरीददारों के द्वारा क्रय करना सत्यापित हो पाना तथा शेष 4065 बोरी का कालाबाजारी करते हुए अनियमितता किये जाने का उल्लेख है। उप संचालक कृषि के द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 31 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मेसर्स विजय ट्रेडिंग कंपनी प्रोपराइटर सुमित कुमार अग्रवाल आ. स्व. विजय अग्रवाल को जारी उर्वरक अनुज्ञप्ति क्रमांक-बी/आर-249 तथा उर्वरक अनुज्ञप्ति क्रमांक-ए-49 को निरस्त किया गया है।

# 65 लाख रुपए के राशन गबन मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अब तक दो की हुई गिरफ्तारी, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

65 लाख रुपए के राशन गबन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि इसके पूर्व भी पुलिस ने एक महिला को पकड़ा था जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

बता दें कि शहर के घुटरापारा में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में बड़े पैमाने पर राशन गबन की शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच उपरान्त खाद्य अधिकारी शिव कुमार मिश्रा ने मामले की शिकायत 7 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस से की थी।



जांच के अनुसार घुटरापारा स्थित जनकल्याण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति द्वारा सितम्बर 2022 एवं 31 मार्च 2024 की स्थिति में किये गये भौतिक सत्यापन के दौरान सभी दुकानों में चावल 1631.29 क्विंटल राशि 61 लाख 62 हजार 267 रुपए, शक्कर 10.43 क्विंटल 49 हजार 160 रुपए एवं चना 48.34 क्विंटल राशि 2 लाख 92 हजार 692 रुपए की कमी पाई गई। समितियों में कुल 64 लाख 94 हजार 120 रुपए के राशन का गबन किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में भादवि की धारा 420, 409,120(बी) एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में आरोपिया सुनीता पैकरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घुटरापारा नहर रोड निवासी 32 वर्षीय मुकेश यादव आ. पुरंदर यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि विजय गुप्ता, आरक्षक आनंद गुप्ता, नितिन सिन्हा, अतुल सिंह सक्रिय रहे।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की प्रेसवार्ता

# बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रदेशभर में मनाया जाएगा जनजातीय गौरव पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए जनजातीय गौरव दिवस तथा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा जारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश में 1 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पर्व का आयोजन किया जा रहा है तथा 15 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य के सभी प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इन कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय नृत्य प्रतियोगिताएं 19 एवं 20 नवंबर को होंगी। जनजातीय स्व-सहायता समूहों के सहयोग से हस्तकला एवं जनजातीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आश्रम शालाओं में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विशेष व्याख्यान होंगे।




जानकारी देते अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष।

जिला अधिकारी जनजातीय परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं, योजनाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान लोकनृत्य, चित्रकला, गीत-संगीत, जनजातीय खेल एवं हथकरघा का प्रदर्शन किया जाएगा तथा जनजातीय बहुल गांवों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जनजातीय समुदाय द्वारा शिक्षा, खेल, कला एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर अनिल सिंह मेजर, जिला महामंत्री अरूणा सिंह, करता राम गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे मोर्चा के जिला अध्यक्ष धनराम नागेश, पूरन सिंह टेकाम, कमलेश टोप्पो, हीरा सिंह, जयंत मिंज, राजा चंवर, कृष्ण कोरवा आदि उपस्थित थे।

BMC विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### उत्पन्ना एकादशी पर श्याम सलोना परिवार का द्वितीय वार्षिक उत्सव आज

**बिश्रामपुर।** उत्पन्ना एकादशी के पर शनिवार 15 नवंबर की शाम 7.30 बजे से अग्रसेन भवन में श्याम सलोना परिवार बिश्रामपुर का द्वितीय वार्षिक उत्सव पर बाबा श्याम का भव्य कीर्तन किया जाएगा। साथ ही बाबा की अखंड ज्योत, 56 भोग श्याम रसोई, भव्य दरबार, इत्र वर्षा, फूलों की वर्षा का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बाबा का गुणगान करने निहारिका पुरोहित नागपुर, अभिषेक कटोदिया शक्ति, अनुभव अग्रवाल टाटानगर जमशेदपुर से आ रहे हैं। श्याम भक्तों द्वारा यहां पर भक्ति श्याम गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल को रंगीन झालरों और पुष्प सजावट से संवारा गया है।

### उमावि लुंड्रा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**लुण्ड्रा।** शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय लुण्ड्रा के एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम डडगांव में किया गया। शिविर में 12 से 18 नवम्बर तक एनएसएस के छात्रों द्वारा प्रतिदिन स्वच्छता एवं जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जाएगा। शिविर का उद्घाटन ग्राम डडगांव के सरपंच सुरेश नागेश, विद्यालय के प्राचार्य राकेश वर्मा तथा ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डंडगांव विद्यालय के प्राचार्य जमील अहमद फिरदौसी ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं को समाजसेवा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास होता है। उद्घाटन समारोह के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियां और सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सुरेंद्र केसर, शिक्षक सुषमा तिवारी, शालू दास, सुनील कुमार सिंह, लक्ष्मण राम जगत, अंबिकेश तिवारी, गोकुल भोय सहित पंचायत के पंच एवं नागरिक उपस्थित थे।

### बाल दिवस पर 46 सौ बच्चों को किया गया जूते चप्पल का वितरण



**मैनपाट।** बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के हक, सुरक्षा, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रतीक इस विशेष दिन को मैनपाट में और भी सार्थक बना दिया। तिब्बती धर्म गुरु सोनम जमसो लामा द्वारा बच्चों को उपहार प्रदान किय गया। विगत 6-7 वर्षों से श्री लामा द्वारा मैनपाट ब्लॉक के ऊपरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप वितरित करने की परंपरा इस वर्ष भी जारी रही। इस अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत लगभग 115 शासकीय विद्यालयों के 4600 बच्चों को जूतों-चप्पलों का वितरण किया गया। पिछले वर्ष बच्चों को सर्दी से बचाने हेतु स्वेटर वितरित किए गए थे। इस वर्ष भी श्री लामा ने बच्चों की आवश्यकताओं को समझते हुए उनके लिए उपयोगी सामग्री लेकर पहुंचे। वितरण कार्य में कुंचूंग सीरिग, ढूंढप चेपल, छिम्मीमेम, सोमो, थापके, झंजुप, गेजे, थापा सहित संकुल समन्वयक केके घोष, देवेंद्र पांडेय, अजय श्रीवास्तव, कमलेश सिंह तथा ऊपरी क्षेत्र के सीएसी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। संकुल समन्वयक श्री घोष ने बताया कि बाल दिवस के इस पावन अवसर पर लामा जी का यह प्रयास बच्चों के लिए एक यादगार उपहार साबित हुआ। उपहार पाकर बच्चे अत्यंत खुश नजर आए और उन्होंने हृदय से लामा जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### छात्राओं को वितरित की गई निःशुल्क साइकिल




**धौरपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल का वितरण जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक पावले विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती सिंह सरस्वती साइकिल योजना की जानकारी दी। बालिका शिक्षा एवं बाल विवाह के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन मुरली चौहान तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य अमित सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री मुरली चौहान ने किया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विभाग कराएगा दोबारा टेंडर

# जल जीवन मिशन के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले बलरामपुर के ठेकेदारों का ठेका निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन विस्तार करने के बाद पानी टंकी सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर विभाग सख्त हो गया है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी निर्माण प्रारंभ नहीं करने वाले 83 ठेकेदारों का ठेका विभाग ने निरस्त कर दिया है। विभाग निरस्त किए गए कार्यों का दोबारा टेंडर कराएगा तथा लागत में हुई वृद्धि की राशि पुराने ठेकेदारों से वसूल करेगा।

**खास बात**

- लागत में आई वृद्धि की राशि ठेकेदारों से होगी वसूल

शासन द्वारा बलरामपुर जिला में जल जीवन मिशन अंतर्गत 636 ग्राम पंचायतों में 2124 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। मिशन के तहत स्वीकृत योजनाओं का निर्माण वर्ष 2021 से चल रहा है लेकिन अभी 45 गांवों में पानी टंकी का निर्माण तक प्रारंभ नहीं हो सका है। कई ठेकेदारों ने पानी टंकी का निर्माण दो वर्ष पूर्व प्रारंभ किया था लेकिन आगे का निर्माण करने में रूचि नहीं ले रहे हैं ठेकेदार की लापरवाही पर विभाग ने कई बार नोटिस भी जारी किया लेकिन ठेकेदार चुप्पी साधे रहे। प्रारंभ में अधिक कमाई के चक्कर में ठेकेदारों ने गांव-गांव में प्रमुखतापूर्वक पाइपलाइन का विस्तार किया साथ ही जगह-जगह प्लेटफार्म का निर्माण कर दिया। बिना जरूरत पाइप लाइन विस्तार कर दिया गया घर-घर पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टंकी का निर्माण प्रारंभ तो किया लेकिन आगे का निर्माण रोक दिया। समय से निर्माण पूरा नहीं होने के कारण अधिकारियों को शासन की सख्ती का भी सामना करना पड़ा। विभाग की सख्ती पर निर्माण की स्थिति में सुधार भी आया लेकिन कई ठेकेदार निर्माण को लेकर लापरवाह बने रहे। विभाग ने पानी टंकी निर्माण में लापरवाही बरतने वाले 83 ठेकेदारों को बार-बार नोटिस जारी कर ठेका निरस्त करने की चेतावनी दी लेकिन लापरवाह ठेकेदारों ने न तो विभाग की नोटिस का उचित जवाब दिया न ही निर्माण प्रारंभ किया। विभाग ने ऐसे 83 ठेकेदारों की निविदा निरस्त कर दी है। विभाग निरस्त किए गए निर्माण कार्यों की निविदा दोबारा कराएगा तथा नई निविदा में लागत में आई वृद्धि की राशि लापरवाह ठेकेदारों से वसूलेगा।



निर्माणाधीन पानी टंकी।

**होगी अतिरिक्त राशि की वसूली**

जल जीवन मिशन के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले 83 ठेकेदारों का एग्रीमेंट निरस्त किया गया है। निरस्त कार्यों का दोबारा टेंडर किया जाएगा तथा लागत में वृद्धि की राशि ठेकेदारों से वसूल की जाएगी।

-पंकज जैन
ईई, पीएचई, बलरामपुर

### 45 गांवों में नहीं मिला जलस्त्रोत

बलरामपुर जिलान्तर्गत 45 गांवों में जलस्त्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण पानी टंकी का निर्माण अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। मिशन के तहत बोर खनन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ठेकेदार एवं विभाग द्वारा इन गांवों में ट्यूबवेल का खनन भी कराया गया लेकिन इन गांवों में जलस्त्रोत उपलब्ध नहीं हो सका। अब इन गांवों में पास के गांवों में ट्यूबवेल खनन कर पानी पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। जल स्त्रोत विहीन गांवों में कुसमी एवं शंकरगढ़ के पठारी क्षेत्रों के गांव शामिल हैं।

### 160 गांवों में घर-घर आपूर्ति

बलरामपुर जिलान्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 636 गांवों में से 160 का निर्माण पूरा हो गया है तथा इन योजनाओं की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई है। इन योजनाओं के माध्यम से नियमित घर-घर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जबकि 385 का निर्माण चल रहा है। इनमें से अधिकांश योजनाओं को मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि गर्मी में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या न हो।



## डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के अध्यापक - अध्यापिकाओं द्वारा बच्चे मन के सच्चे गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

प्री प्राइमरी विंग की कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के नन्हें बच्चों के मनोविनोद के लिए राइम्स, कहानी वाचन, गीत प्रस्तुति, मूवी प्रदर्शन, एकांकी मंचन रोचक, बाल क्रीड़ाएं, कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों के लिए फन गेम, स्पाइडर रेस, पेन्सिल रेस, बॉटल स्पून बैलेंसिंग रेस, कक्षा छठवीं से सातवीं तक के बच्चों के लिए फन गेम आइस ब्रेकर, मेडिकल पैटर्न, मैथेमेटिकल पैटर्न, स्टिक बैलेंसिंग रेस प्रेरक एवं मनोरंजक मूवी प्रदर्शन आदि, कक्षा आठवीं और नवमीं छात्रों के मध्य आयोजित क्रिकेट मैच में कक्षा नवमीं की टीम ने जीत हासिल की। कक्षा दसवीं और ग्यारहवीं के छात्रों के मध्य क्रिकेट मैच में कक्षा ग्यारहवीं की टीम ने विजय प्राप्त की और कक्षा बारहवीं और शिक्षकों के बीच क्रिकेट मैच में बारहवीं की टीम ने जीत हासिल की। कक्षा आठवीं से कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं व अध्यापक अध्यापिकाओं के लिए रस्सी खींच एवं कक्षा आठवीं से कक्षा बारहवीं की छात्राओं के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।विद्यालय प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने कहा कि पंडित नेहरूजी बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे, इसलिए बच्चे भी प्यार से उन्हें चाचा नेहरू कहकर संबोधित करते थे। बच्चे देश के भविष्य एवं कर्णधार होते हैं।

उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हम सभी का नैतिक दायित्व है। उनके सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को हमेशा तत्पर रहना चाहिए।कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे, श्रीमती अर्पणा मिश्रा, मनीष शर्मा और श्रीमती योगिता सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य, वरिष्ठ अध्यापक सी पंडा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू, विमान घोष, खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा, हेलेना फ्रांसिस व अन्य सक्रिय रहे।

## छात्र -छात्राओं को नशा मुक्ति, यातायात व साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र सरगुजा द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी कर्मयोग राज्य समन्वयक आर्ट ऑफ लिविंग संभाग प्रभारी नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान परामर्शदाता, उपनिरीक्षक यातायात पुलिस अभय तिवारी, अनुज जायसवाल साइबर सेल एवं प्राचार्य केएम मैथ्यू शाउमावि पुहपुटरा के उपस्थिति में छात्र -छात्राओं को नशा मुक्ति, यातायात के प्रावधानों एवं साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी कर्मयोग राज्य समन्वयक आर्ट ऑफ लिविंग ने छात्र -छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जिससे सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक नुकसान होता है। साथ ही कई प्रकार के आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं। नशे के विभिन्न प्रकार, नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे की लत के गिरफ्त में आने के कारणों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यातायात पुलिस अभय तिवारी ने अपने उद्बोधन में यातायात के प्रावधानों को अनदेखा कर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं को आंकड़े सहित प्रस्तुत किया। बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के चलते दुर्घटना होने पर अधिक नुकसान होता है। साथ ही यातायात के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई। अनुज जायसवाल द्वारा साइबर अपराध,साइबर अपराध से सुरक्षा एवं साइबर फ्रॉड के विषय पर रोचक ढंग से व्याख्यान दिया गया। व्याख्याता देवानंद चक्रधारी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान मकसूद आलम, धनेश्वर सिंह,जीपी जांगड़े, शैलेन्द्र सिंह, निशा पाण्डेय, निशा वर्मा,रोशरेहाया तिर्की, शिक्षिका कुमारी प्रियंका कुजूर एवं लेखापाल पटेल राम राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## कीटनाशक पीने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई युवती की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम रेवटी गोविंदपुर निवासी सीता धुर्वे आ. जय कुमार धुर्वे (17 वर्ष) 31 अक्टूबर को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली थी। युवती की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में दाखिल कराया जहां तीन दिन बाद स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने युवती को रेफर कर दिया। परिजन युवती को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गत दिन उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### माध्यमिक शाला में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया, बाल मेला का आयोजन

**भैयाथान।** संकुल सत्यनगर में एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत बाल मेला का आयोजन किया गया। वहीं माध्यमिक शाला सत्य नगर में बाल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और विविध गतिविधियों के साथ किया गया। बच्चों द्वारा शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की गई। कार्यक्रम में बीआरसीसी सुरेंद्र दुबे, संकुल समन्वयक अमरनाथ चौबे, महेश पैकरा, संतोष कुमार साहू, सरिता वर्मा, हीरा चंद यादव, अनिल पांडव सहित संकुल क्षेत्र के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशेष चरण में संस्था प्रमुख द्वारा बच्चों को टाई एवं बेल्ट का वितरण किया गया। साथ ही बीआरसीसी सुरेंद्र दुबे द्वारा बच्चों को अध्ययन सामग्री का सेट प्रदान किया गया, जिसे पाकर बच्चे अत्यंत उत्साहित दिखे।

### साई कॉलेज में मनाया गया बाल दिवस

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को पं.जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गयी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज के आधुनिक भारत की तस्वीर नेहरू ने ही देखी थी। उन्होंने कृषि प्रधान देश के लिए संसाधन जुटाये और उद्योग आधारित समाज बनाया जो वर्तमान में ज्ञान आधारित हो गया। बड़े उद्योग, कारखाना, संयंत्र, बांध बनाकर देश की नींव को मजबूत किया। नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था, इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बाल गीतों के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र दास सोनवानी ने किया।



### पार्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला

**अंबिकापुर।** सिलफिली मदनपुर स्थित पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय के बीएड एवं रासेयो के प्रशिक्षार्थियों द्वारा जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का 14 नवंबर को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सूरजपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह एवं उरांव समाज सरगुजा के जिला अध्यक्ष मंगल उरांव उपस्थित हुए। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने राजमोहिनी देवी के जीवन से सभी को अवगत कराया तथा उनके द्वारा समाज कल्याण तथा समाज के प्रति किये गये योगदान पर प्रकाश डाला गया। उरांव समाज के अध्यक्ष मंगल उरांव ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन व उनके कार्यों पर प्रकाश डाला तथा जनजातीय समाज का हमारे संस्कृति व समाज पर योगदान का वर्णन किया गया, आजादी की लड़ाई में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के अध्यक्ष सह चेयरमेन द्वारा जनजातियों के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक इतिहास पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही बीएड प्रशिक्षार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ. छविरानी मंडल के द्वारा मुख्यवक्ता तथा अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक उपेन्द्र कुमार रवि, संस्था के सीएओ राकेश तिवारी, सहायक प्राध्यापक श्रीमती जयमाला सिंह, श्रीमती प्रीति सोनी, संतोष कुमार रानाडे, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती अपराजिता कैवर्त्य, श्रीमती निशा गुप्ता, श्रीमती सुनिता राज, सुश्री निषा सरकार एवं बीएड व रासेयो के समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## आमगांव खदान प्रभावित 6 भू-स्वामियों को दिया नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खुली खदान परियोजना का विस्तार ग्राम पटना में हो रहा है। पटना गांव में खदान खुलने से प्रभावित भू स्वामियों को तेजी से नौकरी और मुआवजा देने प्रबंधन ने प्रयास तेज किया हुआ है। दो दिनों पूर्व आधा दर्जन भू स्वामियों को महाप्रबंधक कार्यालय बुलाकर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह एवं महाप्रबंधक संचालन गिरीश कुमार रॉय ने संबंधित परिवार के सदस्यों को कंपनी में नियोजन हेतु नियुक्ति पत्र सौंपा।

बता दें कि करीब पखवाड़े भर पूर्व गत चौबीस अक्टूबर को ग्राम पटना में कैंप का आयोजन कर प्रबंधन ने प्रशासनिक अमले की उपस्थिति में बाइस लोगों को एक साथ नियुक्ति पत्र सौंपा था,अब पुनः प्रभावित भू स्वामी परिवारणके सदस्यों को कंपनी में नियोजन के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। जिन छह लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया उनमें सुरेन्द्र नेताम पिता चंदर, राजेश कुमार साहू पिता चन्द्रदीप साहू, आशीष कुमार साहू पिता संत साहू, मंगल सिंह पिता उदय सिंह, योगेश्वर सिंह पिता सुखलाल समयलाल पिता जगन राम के नाम शामिल हैं। पटना में कुल 928 एकड़ भूमि कोयला उत्खनन के लिए प्रबंधन ने अधिग्रहित किया है जिसमें 464 भू विस्थापितों के परिवार के सदस्यों को नौकरी देना प्रस्तावित है। वर्तमान की स्थिति में अब कुल 151 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है साथ ही परिसंपत्तियों का मुआवजा करीब 81करोड़ का भी भुगतान किया जा चुका है। प्रबंधन ने बताया कि शेष जिन परिवारों ने आवश्यक कागजात प्रबंधन के पास जमा करा दिया है उनकी स्कूटनी की जा रही है स्कूटनी के बाद स्वीकृति के लिए फाइल मुख्यालय भेजा जा रहा है।



## राष्ट्रहित के लिए गौ-माता कब होगी राष्ट्र माता के रूप में स्थापित



**सूरजपुर।** मानव कल्याण व राष्ट्रहित के लिए सनातन यात्रा के ध्वजवाहक रामलला सरकार ने साधुराम सेवाकुंज में पत्रकारों से भेंट मुलाकात करते हुए कहा कि गौ माता जिसके कारण धरा,धर्म गर्वित है और आनंदित है, जो स्वयं देवी-देवता है, उनको राष्ट्र माता के रूप में कब स्थापित करेंगे। कैसे भारत विश्व गुरु बनेगा और सनातन धर्म से हिन्दू व हिंदुत्व को खतरा नहीं, दुकान चलाने वालों को खतरा है। सनातन धर्म को लेकर देश भर में भ्रमण कर रहे रामलला सरकार अयोध्या इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश में हैं। विगत 15 वर्षों से सनातन यात्रा के रूप में राष्ट्र हितकारी, धर्म व समस्त सृष्टि में श्रीराम का वर्चस्व को लेकर अपनी बातों को मुखरता से रखने वाले संत रामलला सरकार ने चर्चा में राष्ट्र हित, मानव कल्याण, सनातन यात्रा, सनातन धर्म और उसके लक्ष्य उद्देश्य तथा संकल्प को लेकर काफी सारगर्भित चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म को खतरे में बताने वालों के लिए खुली बात है कि सनातन धर्म को कोई मिटा नहीं सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सनातन धर्म को लेकर जिनकी दुकानदारी चल रही है, उनको खतरा है। हिन्दू राष्ट्र और विश्व गुरु को लेकर हुई चर्चा में कहा कि जब तक एक-दूसरे को ईश्वर की संतान नहीं मानेंगे तब तक विश्व गुरु की बात बेमानी है। उन्होंने कहा कि गौ माता के अश्रु गिर रहे हैं, हजारों बूचड़खाने जीवित हैं। ऐसे में देश का दुर्भाग्य जागृत हो जाएगा, अगर गौ माता को राष्ट्र माता के रूप में स्थापित नहीं किया गया तो सनातन धर्म भगवान है और हर इंसान और जीव-जन्तु में भी भगवान हैं, हर इंसान में सनातन है। उन्होंने भजनों और भगवान श्रीराम की गुणगान करते हुए अपनी यात्रा वृतांत को साझा किया और कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में ही महामाया धाम बनाने की आकांक्षा है। इस दौरान बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## नालंदा परिसर व मांगलिक भवन का निर्माण आज

**बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अंतर्गत अटल परिसर एवं स्वर्गीय लरंगसाय चौक का लोकार्पण तथा मांगलिक भवन व नालंदा परिसर निर्माण कार्य का भूमि पूजन 15 नवम्बर को दोपहर 1 बजे, वार्ड क्रमांक 07 अटल परिसर के पास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411